आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 08.03.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में 33 हजार 500 करोड़ रुपये की लागत की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।
- विकसित भारत 2047 के विजन के साथ युवाओं की सहभागिता को मजबूत करने के उद्देश्य से कल नई दिल्ली में विकसित भारत युवा कनेक्ट कार्यक्रम की दूसरे चरण का होगा शुभारंभ।
- वंडूर ग्राम पंचायत के सामुदायिक भवन में वंडूर, हम्फ्रीगंज एवं गुप्तापाड़ा ग्राम पंचायतों के निवासियों के लिए आज जन सुनवाई शिविर आयोजित की गई।
- अहमदाबाद में, आईसीसी पुरुष टी–20 विश्व कप के फाइनल में, आज भारत का मुकाबला न्यूजीलैंड से।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली में लगभग 33 हजार 500 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस अवसर पर श्री मोदी ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में सुविधाओं और बुनियादी ढांचे को लगातार मजबूत और विस्तारित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज शुरू की गई परियोजनाओं से बुनियादी ढांचा सुदृढ़ होगा, कनेक्टिविटी में सुधार होगा और लोगों का जीवन सुगम बनेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत, महिला सशक्तिकरण में एक नया अध्याय लिख रहा है और महिलाएं देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। श्री मोदी ने कहा कि भारत की महिला शक्ति हर क्षेत्र में नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रही है और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है।

<><><><><><><>

आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस है। इस वर्ष का विषय है– महिलाओं और बालिकाओं के लिए अधिकार, न्याय और प्रयास। यह महिला अधिकारों को मजबूत करने, न्याय तक पहुंच सुनिश्चित करने और स्त्री–पुरुष समानता में तेजी लाने की भावना को दर्शाता है। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं को शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु कहा कि भारत महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है साथ ही कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन ने कहा कि भारत के गौरवशाली इतिहास में महिलाएं साहस, ज्ञान और करुणा की प्रतिमूर्ति रही हैं। उन्होंने कहा कि प्राचीन ज्ञान परंपराओं की संरक्षक से लेकर स्वतंत्रता आंदोलन में साहसी नेतृत्व तक महिलाओं ने राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

<><><><><><><>

युवा कार्य और खेल मंत्रालय कल दिल्ली में विकसित भारत युवा कनेक्ट कार्यक्रम के दूसरे चरण का शुभारंभ करेगा। यह पहल 'मेरा युवा भारत' के माध्यम से आयोजित की जा रही है, जिसका उद्देश्य विकसित भारत 2047 के विजन के साथ युवाओं की सहभागिता को मजबूत करना है। मंत्रालय ने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी के पैंतीस से अधिक कॉलेजों के 10 हजार से अधिक विद्यार्थिओं के इस कार्यक्रम में भाग लेने की उम्मीद है। मंत्रालय ने कहा कि विकसित भारत युवा नेता संवाद के दौरान युवा आइकॉन और विजेता विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभव साझा करेंगे, ताकि राष्ट्र निर्माण में युवा भागीदारी को प्रेरित किया जा सके। यह पहल अब तक 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के दो सौ चौहत्तर विश्वविद्यालयों और कॉलेजों तक पहुँच चुकी है। जिसमें लगभग 20 हजार युवा शामिल हो चुके हैं। कार्यक्रम के लिए पंजीकरण mybharat.gov.in पोर्टल के माध्यम से किया जा सकता है।

<><><><><><><>

अंडमान एसोसिएशन ऑफ़ टूर ऑपरेटर्स ने आज पोर्ट ब्लेयर के मरीन हिल में होटल स्टार पैराडाइज़ में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस बड़े उत्साह और सम्मान के साथ मनाया। इस अवसर पर AATO द्वारा द्वीपसमूह की महिला उद्यमियों को पर्यटन के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह में द्वीपसमूह के क्रूज़ ऑपरेटरों की महिला प्रतिनिधि भी मौजूद थीं, जिन्होंने AATO की महिला सदस्यों को उनके समर्पण और उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर आटो के अध्यक्ष मोहन

विनोद ने महिला सदस्यों की कोशिशों की तारीफ़ की जो द्वीपसमूह में पर्यटन को बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रही हैं।

इस अवसर पर, आज वार्ड नंबर 17 के डॉलीगंज में महिलाओं के लिए 3 किलोमीटर की रोड रेस आयोजित की गई। रेस को डॉलीगंज के वार्ड काउंसलर ए. गणेशन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

<><><><><><><>

वंडूर ग्राम पंचायत के सामुदायिक भवन में वंडूर, हम्फ्रीगंज एवं गुप्तापाड़ा ग्राम पंचायतों के निवासियों के लिए आज जन सुनवाई शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में सांसद बिष्णु पद रे तथा उपायुक्त दक्षिण अंडमान पूर्वा गर्ग, दक्षिण अंडमान जिला परिषद, अध्यक्ष, प्रकाश अधिकारी, पुलिस अधीक्षक, श्वेता के. सुगाथन के अलावा अन्य प्रशासनिक अधिकारी और पंचायतों के प्रधान, पंचायत समिति सदस्य और वार्ड सदस्य भी उपस्थित रहे। इस शिविर ने स्थानीय निवासियों को प्रशासन के समक्ष अपनी शिकायतें और समस्याएँ सीधे रखने का अवसर प्रदान किया। इससे पूर्व जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा समुदाय में स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिकायत शिविर के दौरान ग्रामीणों द्वारा उठाए गए मुद्दों को अधिकारियों द्वारा सुना गया। उपायुक्त, दक्षिण अंडमान ने उल्लेख किया कि अधिकांश शिकायतें राजस्व, जल आपूर्ति, सड़कों, वन मामलों और बिजली से संबंधित थीं। उन्होंने तहसीलदार को निर्देश दिया कि वे शिकायतों से संबंधित स्थानों का निरीक्षण करें तथा दो दिनों के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करें, ताकि आवश्यक कार्रवाई कर संबंधित पक्षों को अवगत कराया जा सके। शिविर से पूर्व उपायुक्त, दक्षिण अंडमान ने वंडूर स्थित उप–केन्द्र का भी दौरा किया और पाया कि उप–केन्द्र तक पहुँचने का मार्ग मरीजों के लिए, विशेषकर गर्भवती महिलाओं के लिए, सहज रूप से सुलभ नहीं है। उन्होंने अंडमान लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता से अनुरोध किया कि एक उचित संपर्क मार्ग के निर्माण की संभावना का पता लगाया जाए, ताकि मरीज आसानी से उप–केन्द्र तक पहुँच सकें।

<><><><><><><>

अहमदाबाद में टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप के फाइनल में आज शाम भारत का सामना न्यूजीलैंड से हो रहा है। भारतीय टीम चौथी बार जबकि न्यूजीलैंड दूसरी बार प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंची है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार शतरंज संघ द्वारा आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ए एन सी ए शतरंज केंद्र, डेयरी फार्म में महिला दिवस शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य शतरंज में महिलाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित और बढ़ावा देना था, साथ ही इस खेल में महिलाओं की बढ़ती उपलब्धियों और उपस्थिति का उत्सव मनाना भी था। यह आयोजन अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ द्वारा इस वर्ष महिला दिवस के लिए निर्धारित विषय के अनुरूप भी रहा, जिसका उद्देश्य महिला खिलाड़ियों की दृश्यता बढ़ाना, सामुदायिक सहभागिता को मजबूत करना और शतरंज में महिलाओं के लिए एक वैश्विक नेटवर्क का निर्माण करना है। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शीर्ष तीन खिलाड़ियों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया, जबकि अन्य सभी प्रतिभागियों को खेल के प्रति उनके उत्साह और सहभागिता के लिए पदक देकर सम्मानित किया गया।

<><><><><><><>